प्रेस के लिए सूचना नोट (प्रेस विज्ञप्ति संख्या 108/2026)

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण

क्षेत्रीय कार्यालय, भोपाल, अगस्त 2026

वेबसाइट: - www.trai.gov.in तत्काल प्रकाशन हेतु


भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (भादूविप्रा) ने हरिद्वार एवं ऋषिकेश शहर, जिसमें डोईवाला, जॉली ग्रांट, ऋषिकेश, तपोवन, वीरभद्र, नेपाली फार्म, रायवाला, हरिद्वार, ज्वालापुर, बहादराबाद, सलेमपुर महदूद, देवपुरा, रानीपुर, सीतापुर आदि क्षेत्र शामिल हैं।

भादूविप्रा ने सामान्य दूरसंचार उपभोक्ताओं की जानकारी के लिए जुलाई 2026 के महीने के दौरान उत्तर प्रदेश (पश्चिम) एलएसए के अंतर्गत हरिद्वार एवं ऋषिकेश शहर में किए गए इंडिपेंडेंट ड्राइव टेस्ट (IDT) के निष्कर्ष जारी किए हैं। ड्राइव टेस्ट का उद्देश्य दूरसंचार सेवा प्रदाताओं (टीएसपी) द्वारा प्रदान की जाने वाली मोबाइल नेटवर्क सेवाओं (वॉयस और डेटा दोनों) की वास्तविक समय गुणवत्ता का आकलन और सत्यापन करना है। आईडीटी के दौरान, भादूविप्रा के द्वारा कवरेज, कॉल ड्रॉप रेट (CDR), कॉल सेटअप सक्सेज रेट (CSSR), डाटा डाउनलोड (DL) और अपलोड (UL) थ्रूपुट आदि जैसे प्रमुख सेवा गुणवत्ता (QOS) मानदंडों के लिए टीएसपी के निष्पादन को दर्ज किया जाता है और उन्हे उपभोक्ताओं की जानकारी और दूरसंचार सेवा प्रदाताओं को अपनी सेवाओं में सुधार करने हेतु प्रोत्साहित करने के लिए प्रकाशित किया जाता है।

2. इन आईडीटी को शहरों, हॉटस्पॉट, सार्वजनिक परिवहन केंद्रों आदि जैसे विविध उपयोग वाले वातावरण में सभी टीएसपी के स्थलीय मोबाइल नेटवर्क निष्पादन को कैप्चर करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। इस प्रकार के ड्राइव टेस्ट में 2G, 3G, 4G और 5G नेटवर्क पर सभी टीएसपी के सिम कार्ड का उपयोग करके लाइव डेटा और वॉयस सैशन स्थापित किए जाते हैं। कई उन्नत टेस्ट हैंडसेट का उपयोग किया जाता है और उन्नत सॉफ्टवेयर सिस्टम का उपयोग करके रीयल टाइम में सैशन की निगरानी और विश्लेषण किया जाता है।

3. भादूविप्रा ने अपनी नियुक्त एजेंसी के माध्यम से उत्तर प्रदेश (पश्चिम) **एलएसए** में 29 जून 2026 से 1 जुलाई 2026 के दौरान हरिद्वार एवं ऋषिकेश शहर में सिटी ड्राइव- 292.3 किमी, हॉटस्पॉट स्थानों - 7, वॉक टेस्ट- 1.4 किलोमीटर किए। ये टेस्ट भादूविप्रा के क्षेत्रीय कार्यालय, भोपाल की देखरेख में आयोजित किए गए थे। ड्राइव टेस्ट रिपोर्ट में प्रस्तुत आंकड़े, ड्राइव टेस्ट आयोजित करने के दिन/समय पर टेस्ट के तहत क्षेत्र/रुट पर टीएसपी के निष्पादन को दर्शाते हैं।

4. **ड्राइव टेस्ट रूट मैप:** निम्नलिखित मानचित्र, मानचित्र पर दिखाए गए निष्पादन के अनुसार, सिटी ड्राइव, इंटर-ऑपरेटर कॉलिंग, हॉटस्पॉट और वॉक टेस्ट को इंगित करने वाले ड्राइव टेस्ट मार्गों को प्रदर्शित करता है:




**5. प्रमुख मूल्यांकित मानदंड:**

क) **कवरेज गैप** : नमूनों का प्रतिशत, जिसके लिए सिग्नल की शक्ति संबंधित तकनीक (2G/3G/4G/5G) के लिए न्यूनतम निर्धारित सिग्नल शक्ति से कम देखी गई।

ख) **वॉयस सर्विसेज**: कॉल सैट अप सक्सेज रेट (CSSR), ड्रॉप कॉल रेट (DCR), कॉल सेटअप टाइम (CST), कॉल साइलेंस रेट (CSR), स्पीच क्वालिटि (MOS)।

ग) **कॉल साईलेंस इंस्टांस**: कॉल के दौरान कितनी कॉल साइलेंस घटनाएं (इंस्टेंस) हुईं।

घ) **डाटा सर्विसेज** : डाउनलोड/अपलोड थ्रूपुट, लेटेंसी, जिटर, पैकेट ड्राप रेट ।

**6.** हरिद्वार एवं ऋषिकेश शहर में प्रमुख मापदंडों पर समग्र मोबाइल नेटवर्क के निष्पादन को संक्षेप में नीचे दर्शाया जा रहा है:

क) **कवरेज गैप-** स्वचालित चयन मोड (5G/4G/3G/2G), में ड्राइव टेस्ट रुट पर वॉयस टेस्ट के दौरान के दौरान देखी गई संकेत शक्ति, जिसे एकत्र किए गए कुल नमूनों में से खराब संकेत शक्ति वाले नमूनों की संख्या के रूप में मापा जाता है। यह हरिद्वार एवं ऋषिकेश शहर में **एयरटेल** के लिए **1534**/ 50508, **बीएसएनएल** के लिए **3920**/ 49983, **आरजेआईएल** के लिए **2699**/ 50069 और **वीआईएल** के लिए **952**/ 50338 थी। कवरेज गैप का विवरण मानचित्र अनुलग्नक में दर्शाया गया है।

ख) **ड्राप्ड कॉल्स** - ड्रॉप कॉल को सफलतापूर्वक स्थापित कॉल की संख्या में से ड्राप कॉल की संख्या के रूप में मापा जाता है । यह हरिद्वार एवं ऋषिकेश शहर में **एयरटेल** के लिए **10**/ 430, **बीएसएनएल** के लिए **13**/ 426, **आरजेआईएल** के लिए **2**/ 453 और **वीआईएल** के लिए **0**/ 451 थी। ड्रॉप कॉल स्थानों का विवरण **संलग्न मानचित्र** में दर्शाया गया है।

ग) **कॉल साइलेंस घटनाएं (इंस्टेंस)** -कॉल साइलेंस इंस्टेंस, कुल स्थापित कॉल में से 3 सेकंड से अधिक के लिए देखे गए साइलेंस इंस्टेंस की कुल संख्या के रूप में मापा जाता है। यह हरिद्वार एवं ऋषिकेश शहर में **एयरटेल** के लिए **9**/ 414, **बीएसएनएल** के लिए **21/** 408, **आरजेआईएल** के लिए **18**/ 435 और **वीआईएल** के लिए **12**/ 451 थे। कॉल साइलेंस इंस्टेंस स्थानों का विवरण **संलग्न मानचित्र** में दर्शाया गया है।

घ) **डाटा डाउनलोड एवं थ्रूपुट** :

i) **डाटा डाउनलोड निष्पादन (समग्र):** हरिद्वार एवं ऋषिकेश शहर में **एयरटेल(5G)**, के लिए औसत डाउनलोड स्पीड 128.99 Mbps, **बीएसएनएल(4G)** के लिए 7.96 **Mbps**, **आरजेआईएल(5G)**, के लिए 205.57 Mbps और **वीआईएल(5G)** के लिए 58.46 Mbps दर्ज की गई। डाउनलोड थ्रूपुट का विवरण **संलग्न मानचित्र** में दर्शाया गया है।

ii) **डेटा अपलोड निष्पादन (समग्र):** हरिद्वार एवं ऋषिकेश शहर में **एयरटेल(5G)**, के लिए औसत डाउनलोड स्पीड 24.54 **Mbps**, **बीएसएनएल(4G)** के लिए 4.11 Mbps, **आरजेआईएल(5G)**, के लिए 23.21 Mbps और **वीआईएल(5G)** के लिए 14.79 Mbps के रूप में देखी गई। अपलोड थ्रूपुट का विवरण **संलग्न मानचित्र** में दर्शाया गया है।

ड्रॉप किए गए कॉल और कॉल साइलेंस इंस्टेंस के स्थान, संलग्न मानचित्र पर लाल बिंदु पर क्लिक करके देखे जा सकते हैं।

7. आईडीटी के दौरान ड्राइव टेस्ट रुट और कवर किए गए क्षेत्र का विवरण इस प्रकार है: -

क) **शहर**- सिटी ड्राइव के अंतर्गत हरिद्वार एवं ऋषिकेश के डोईवाला, जॉली ग्रांट, ऋषिकेश, तपोवन, वीरभद्र, नेपाली फार्म, रायवाला, हरिद्वार, ज्वालापुर, बहादराबाद, सलेमपुर महदूद, देवपुरा, रानीपुर, सीतापुर आदि शामिल थे।

ख) **हॉट स्पॉट** - स्थिर उपयोगकर्ता अनुभव को कैप्चर करते हुए निम्नांकित हॉट स्पॉट इलाकों को कवर किया गया- जिला कलेक्टरेट कार्यालय - हरिद्वार, गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय, हरिद्वार रेलवे स्टेशन, जॉली ग्रांट हवाई अड्डा - देहरादून, रायवाला जंक्शन रेलवे स्टेशन, ऋषिकेश बस अड्डा तथा योग नगरी ऋषिकेश रेलवे स्टेशन आदि।

ग) **वॉक टेस्ट** - 29 जून 2026 से 1 जुलाई 2026 को किए गए वॉक टेस्ट में हर की पौड़ी गंगा घाट - हरिद्वार, त्रिवेणी गंगा घाट - ऋषिकेश क्षेत्र शामिल थे, जिसमें भीड़-भाड़ वाले पैदल यात्री परिवेश में मोबाइल नेटवर्क व्यवहार को कैप्चर किया गया।

8. आईडीटी के निष्कर्षों के बारे में सभी संबंधित दूरसंचार सेवा प्रदाताओं को उनके स्तर पर आवश्यक कार्रवाई करने के लिए सूचित किया जा चुका है। ड्राइव टेस्ट की विस्तृत रिपोर्ट भादूविप्रा की वेबसाइट www.trai.gov.in पर उपलब्ध है। अतिरिक्त जानकारी के लिए क्षेत्रीय कार्यालय, भोपाल से ईमेल adv.bhopal@trai.gov.in या दूरभाषा सं 91-755-2575501 पर संपर्क किया जा सकता है।

03-08-26


(संजय कुमार गुप्ता)
सलाहकार,
क्षे.का.भोपाल


**क) कवरेज गैप**– वॉयस टेस्ट के दौरान ऑटो-चयन मोड (5G/4G/3G/2G) में ड्राइव टेस्ट रूट के लिए न्यूनतम निर्दिष्ट सिग्नल शक्ति से कम पाया गया कवरेज वितरण नीचे दिया गया है:

| मानदंड | एयरटेल | बीएसएनएल | आरजेआईएल | वीआईएल |
|---|---|---|---|---|
| ड्राइव टेस्ट रूट पर कैप्चर किए गए नमूनों की कुल संख्या | 50508 | 49983 | 50069 | 50338 |
| खराब सिग्नल क्षमता वाले नमूनों की संख्या | 1534 | 3920 | 2699 | 952 |
| सीमित सेवा (कवरेज उपलब्ध नहीं) वाले नमूनों की संख्या | 31 | 37 | 51 | 0 |


**नोट:** सिग्नल की क्षमता खराब तब मानी गई है जब वह 5G और 4G के लिए -110 dBm, 3G के लिए -90 dBm और 2G के लिए -85 dBm से नीचे आती है।

**कवरेज गैप अवलोकन**







| Coverage | Colour Code | No. of Samples |
|---|---|---|
| Poor Coverage | | ( 3920 ) |
| No Coverage | | ( 37 ) |




| Coverage | Colour Code | No. of Samples |
|---|---|---|
| Poor Coverage | | ( 2699 ) |
| No Coverage | | ( 51 ) |





**नोट:** प्लॉट केवल डायनेमिक ड्राइव टेस्ट परिणामों पर आधारित है।


**ख) ड्राप्ड कॉल्स -** ऑटो-सिलेक्शन मोड (5G/4G/3G/2G) में ड्रॉप हुई कॉलों का टीएसपी-वार विवरण नीचे दिया गया है:

| मानदंड | एयरटेल | बीएसएनएल | आरजेआईएल | वीआईएल |
|---|---|---|---|---|
| स्थापित सफल कॉल की संख्या | 430 | 426 | 453 | 451 |
| ड्रॉप हुई कॉल की संख्या | 10 | 13 | 2 | 0 |

**वे स्थान जहॉ पर ड्रॉप कॉल की घटनाएं हुईं**




BSNL
हरीवाला
Lachhiwala Range
लाछिवाला रेंज
Gadool
गड़ूल
Kasmoli
कस्मोली
Jolly Grant Airport - Dehradun
जॉली ग्रांट एयरपोर्ट - देहरादून
Doiwala
डोईवाला
Narendra Nagar
नरेंद्र नगर
TAPOVAN
तपोवन
Ramgarh Range
रामगढ़ रेंज
Rishikesh
ऋषिकेश
Kansrao
कन्सराव
Chidderwala
Veerbhadra
वीरभद्र
Motichur Range
मोतीचूर रेंज
Rajaji Tiger Reserve
राजाजी राष्ट्रीय उद्यान
Ganges
HAR KI PAURI
हर की पौड़ी
Haridwar
हरिद्वार
Salempur Mahdood
सलेमपुर महदूद
Jwalapur
ज्वालापुर
Bahadarabad
बहादराबाद
Pathari Forest Range
पठारी फॉरेस्ट रेंज
Google
Map data ©2026



RJIL
Jolly Grant Airport - Dehradun
जॉली ग्रांट एयरपोर्ट - देहरादून
Bhogpur
भोगपुर
Bairagada
बैरागादा
Pildi
पिल्दी
Rishikesh Rd
JS SOUVENIR
जस सौवेणीर
GUJRADA
गुजराडा
Doiwala
डोईवाला
Athhoorwala
अठूर्वाला
Mann Iccha Devi Mandir
मन इच्छा देवी मंदिर
Chandrabhaga
Narendra Nagar
नरेंद्र नगर
Mazri Grant
माज़री ग्रांट
DHALWALA
ढालवाला
Rishikesh
ऋषिकेश
GANGA NAGAR
गंगा नगर
Rishikesh River Rafting
Kansrao
कन्सराव
Chidderwala
चिद्दरवाला
Veerbhadra
वीरभद्र
NIRMAL BLOCK- B
निर्मल ब्लॉक B
Nepali Farm
नेपाली फार्म
Motichur Range
मोतीचूर रेंज
Google
Map data ©2026


**नोट:** ड्रॉप किए गए कॉल स्थान लाल रंग में दिखाए जाते हैं जिन पर क्लिक करके मैप पर सटीक स्थान (अक्षांश और देशांतर) का पता लगाया जा सकता है।


**ग) कॉल साईलेंस घटनाएं (इंस्टेंस)** - ऑटो-सिलेक्शन मोड (5G/4G) में कॉल साइलेंस इंस्टेंस का टीएसपी-वार विवरण नीचे दर्शाया गया है:


| मानदंड | एयरटेल | बीएसएनएल | आरजेआईएल | वीआईएल |
|---|---|---|---|---|
| कॉल स्थापित (सेवा प्रदाता नेटवर्क के भीतर) | 414 | 408 | 435 | 451 |
| साईलेंस कॉल की संख्या > 3 सेकंड के लिए | 7 | 20 | 12 | 10 |
| कुल साईलेंस कॉल की संख्या > 3 सेकंड के लिए | 9 | 21 | 18 | 12 |

**कॉल साइलेंस इंस्टेंस के स्थान**




BSNL
Lachhiwala Range
लाछिवाला रेंज
Jolly Grant Airport - Dehradun
जॉली ग्रांट एयरपोर्ट - देहरादून
Doiwala
डोईवाला
Narendra Nagar
नरेन्द्र नगर
Ramgarh Range
रामगढ़ रेंज
TAPOVAN
Rishikesh
ऋषिकेश
Kansrao
कन्सराव
Chidderwala
Veerbhadra
वीरभद्र
Motichur Range
मोतीचूर रेंज
Rajaji Tiger Reserve
राजाजी राष्ट्रीय उद्यान
Raiwala
रायवाला
Ganges
HAR KI PAURI
हर की पौड़ी
Haridwar
Salempur Mahdood
सलेमपुर महदूद
Jwalapur
ज्वालापुर
Pathari Forest Range
पथरी फॉरेस्ट रेंज
334
334A
Google
Map data ©2026


RJIL
Jolly Grant Airport - Dehradun
जॉली ग्रांट एयरपोर्ट - देहरादून
Doiwala
डोईवाला
Narendra Nagar
नरेन्द्र नगर
Ramgarh Range
रामगढ़ रेंज
Rishikesh
ऋषिकेश
Kansrao
कन्सराव
Chidderwala
चिद्दरवाला
Veerbhadra
वीरभद्र
Motichur Range
मोतीचूर रेंज
Rajaji Tiger Reserve
राजाजी राष्ट्रीय उद्यान
Raiwala
रायवाला
Ganges
HAR KI PAURI
हर की पौड़ी
Haridwar
Salempur Mahdood
सलेमपुर महदूद
Piran Kaliyar
पिरन कलियर
Bahadarabad
बहादराबाद
Jwalapur
ज्वालापुर
Pathari Forest Range
पथरी फॉरेस्ट रेंज
Lal Dhang
334
334A
Google
Map data ©2026





**नोट:** कॉल साइलेंस इंस्टेंस लाल रंग में दिखाए जाते हैं जिन पर क्लिक करके मैप पर सटीक स्थान (अक्षांश और देशांतर) का पता लगाया जा सकता है।


**घ) डाटा डाउनलोड एवं थ्रूपुट :** ऑटो-चयन मोड (5G/4G/3G/2G) में महीने के लिए घोषित विशिष्ट डीएल/यूएल थ्रूपुट के मुकाबले औसत डाउनलोड (डीएल) और अपलोड (यूएल) थ्रूपुट का टीएसपी-वार विवरण नीचे दिया गया है:

**(i) डाउनलोड थ्रूपुट**


| मानदंड | माप | एयरटेल (5G तक) | बीएसएनएल (4G तक) | आरजेआईएल (5G तक) | वीआईएल (5G तक) |
|---|---|---|---|---|---|
| टीएसपी द्वारा घोषित विशिष्ट डाउनलोड थ्रूपुट | (Mbits/s) | 18.00 | 2.00 | 15.00 | 15.00 |
| आईडीटी के दौरान मापा गया औसत डाउनलोड थ्रूपुट | (Mbits/s) | 128.99 | 7.96 | 205.57 | 58.46 |





| Throughput | Colour Code | No. of Samples | % of Samples |
|---|---|---|---|
| 100 Mbps and above | | 241 | 53.79% |
| 50-100 Mbps | | 87 | 19.42% |
| 30-50 Mbps | | 34 | 7.59% |
| 10-30 Mbps | | 49 | 10.94% |
| 0-10 Mbps | | 37 | 8.26% |




| Throughput | Colour Code | No. of Samples | % of Samples |
|---|---|---|---|
| 100 Mbps and above | | 0 | 0.00% |
| 50-100 Mbps | | 0 | 0.00% |
| 30-50 Mbps | | 3 | 0.69% |
| 10-30 Mbps | | 133 | 30.57% |
| 0-10 Mbps | | 299 | 68.74% |










**नोट:** प्लॉट केवल डायनेमिक ड्राइव टेस्ट परिणामों पर आधारित है।


### (ii) अपलोड थ्रूपुट

| मानदंड | माप | एयरटेल (5G तक) | बीएसएनएल (4G तक) | आरजेआईएल (5G तक) | वीआईएल (5G तक) |
|---|---|---|---|---|---|
| टीएसपी द्वारा घोषित विशिष्ट अपलोड थ्रूपुट | (Mbits/s) | 8.00 | 2.00 | 7.00 | 8.00 |
| आईडीटी के दौरान मापा गया औसत अपलोड थ्रूपुट | (Mbits/s) | 24.54 | 4.11 | 23.21 | 14.79 |






**नोट:** प्लॉट केवल डायनेमिक ड्राइव टेस्ट परिणामों पर आधारित है।